**Regarding need to extend benefits of Government schemes to families of freedom fighters-Laid**

श्री कुलदीप इंदौरा (गंगानगर) **:** मैं स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं । इस देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है । वे हमारे गौरव हैं । उनका योगदान अमूल्य है । मैं अनुरोध करूंगा कि स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता दी जानी चाहिए । यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी । उनके परिवारों को चिकित्सा, शिक्षा, पेंशन, आवास और अन्य सुविधाओं में प्राथमिकता दी जानी चाहिए । स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए । उन्हें पर्याप्त सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे सम्मान के साथ अपना जीवन जी सकें । वे इसके हकदार भी हैं । मुझे विश्वास है कि सरकार इस संबंध में आवश्यक प्रयास करेगी । जिन स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनकी पहचान की जानी चाहिए ।